# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक–02.07.2025

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण(01 हिस्ट्रीशीटर सहित) गिरफ्तार–**

  दिनांक 02.07.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री जोगेन्द्र सिंह ढिल्लो मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 157/25 धारा 305क बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. शंकर पुत्र ओमप्रकाश( हिस्ट्रीशीटर) व 2. सोनू पुत्र पवन कोरी निवासीगण ग्राम बल्बाखेडी थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर हरनाकी पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 बोतल अंग्रेजी शराब 8पीएम, 01 हाफ अंग्रेजी शराब मैजिकमोमेण्ट व 2200 रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 02.07.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 94/25 धारा 191(2),115(2),352,351(2),131,118(1),333,74,119(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त 1. गुलशन्नबर पुत्र नूर मौहम्मद व 2. मौ0 शाजिद पुत्र इलियास निवासीगण ग्राम तेवडा थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को तेवडा पुलिया जौली रोड से गिरफ्तार किया गया।